तापमान

अधिकतम 36.0 डिग्री

न्यूनतम 24.0 डिग्री

# हरिभूमि कोरबा भूमि

बिलासपुर, मंगलवार 23 दिसंबर 2025

दीपका | कटघोरा | छुरी | पाली | करतला | पोड़ीउपरोड़ा


4 अंतर महाविद्यालय में बॉल बैडमिंटन प्रतियोगिता में पीजी कॉलेज बना चैंपियन



## खबर संक्षेप

### आईटीआई में प्लेसमेंट कैंप का आयोजन आज

**कोरबा।** औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था कोरबा में केरियर ट्री एचआर साल्यूशन्स प्राईवेट लिमिटेड द्वारा सूजूकी मोटर गुजरात के लिए तकनीशियन पद हेतु 23 दिसंबर को प्रातः 11 बजे से अपरान्ह 3 बजे तक प्लेसमेंट कैंप का आयोजन किया जायेगा। उक्त प्लेमेंट कैंप में व्यवसाय मैकेनिक मोटर व्हीकल, मैकेनिक डीजल, ट्रेक्टर मैकेनिक, मशीनिष्ट, विद्युतकार, फिटर, टर्नर, वेल्डर, पेन्टर, वायरमेन, शीट मेटल से आईटीआई उत्तीर्ण इच्छुक आवेदक अपने समस्त मूल दस्तावेज एवं फोटोकापी 2 सेट तथा पासपोर्ट साइज फोटो के साथ निर्धारित समय पर उपस्थित हो सकते हैं।

### प्रगतिशील जायसवाल समाज का स्नेह मिलन 26 को

**बरपाली।** प्रगतिशील जायसवाल (कन्नौजिया कलार) समाज द्वारा 26 व 27 दिसंबर को दो दिवसीय स्नेह मिलन सम्मेलन का आयोजन सरस्वती शिशु मंदिर प्रांगण अकलतरा में किया जा रहा है। यह आयोजन सामाजिक एकता, आपसी सौहार्द तथा संगठन को सशक्त बनाने के उद्देश्य से आयोजित किया जा रहा है। सम्मेलन का शुभारंभ 26 दिसंबर को होगा। प्रथम दिवस के कार्यक्रम में मंत्री श्यामबिहारी जायसवाल मुख्य अतिथि व विशिष्ट अतिथि के रूप में विधायक राघवेंद्र सिंह, नगर पालिका के अध्यक्ष श्रीमती दीप्ति रोहित, समाज के पूर्व अध्यक्ष देव कुमार कौशिक, पूर्व अध्यक्ष स्थायी समिति जानकी प्रसाद कौशिल, बिहारी ताम्रकार संरक्षक सरस्वती शिशु मंदिर विशेष रूप में उपस्थित रहेंगे। दूसरे दिन 27 दिसंबर को मुख्य अतिथि चरण दास महंत नेता प्रतिपक्ष छत्तीसगढ़ विधानसभा सहित विशिष्ट अतिथि क्षेत्र के विधायक राघवेंद्र सिंह, व्यास कश्यप, बालेश्वर साहू, नगर पालिका के अध्यक्ष श्रीमती दीप्ति रोहित, धीरेंद्र बाजपेयी कार्यक्रम की शोभा बढ़ाएंगे।

### प्रतिष्ठा द्वादशी को सबरी के बेर का होगा समर्पण

**कोरबा।** कोयलांचल दीपका समिति ने इस बार भी अयोध्या में राम मंदिर के प्रतिष्ठा द्वादशी को सबरी के बेर का समर्पण श्रीराम को करना तय किया है। 11 समाज के प्रतिनिधि सहित 51 सदस्य शिवरीनारायण से सबरी के बेर लेकर अयोध्या पहुंचेंगे। 28 दिसंबर को सुबह 8 बजे श्रद्धालुओं का समूह रामनगरी के लिए रवाना होगा। समिति के सदस्य संतोष गुप्ता ने बताया कि लगातार तीसरे वर्ष में इस तरह की कोशिश की गई है। बताया गया कि राधाकृष्ण मंदिर से विशेष वाहन रवाना होगा। अयोध्या में प्रतिष्ठा दिवस पर आयोजित कार्यक्रम में भागीदारी के बाद 1 जनवरी को श्रद्धालुओं को वापसी होगी। बुधवारी बाजार स्थित राधाकृष्ण मंदिर में अयोध्या का प्रसाद वितरित होगा। इसी दिन रात्रि 11 बजे तक भंडारा का आयोजन भी होगी।

### डांस, कबड्डी एवं मड़ाई मेला 27 एवं 28 को

**मड़वारानी।** ग्राम तुमान में इस वर्ष भी पारंपरिक रूप से आयोजित होने वाली एमजे बाबा डांस प्रतियोगिता एवं प्रो. कबड्डी सीजन 7 की तैयारियाँ अंतिम चरण में हैं। आयोजन 27 एवं 28 दिसंबर को होगा, जिसमें क्षेत्र के सर्वश्रेष्ठ युवा कलाकार एवं खिलाड़ी अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगे। ग्रामवासियों द्वारा स्वप्रेरणा से आयोजित यह कार्यक्रम अब क्षेत्रीय पहचान बन चुका है और ग्रामीण प्रतिभाओं के लिए एक सशक्त मंच साबित हो रहा है। दो दिवसीय कार्यक्रम में 27 दिसंबर को पंजीयन एवं प्रारंभिक चयन राउंड रखे गए हैं, जबकि 28 दिसंबर को फाइनल मुकाबले होंगे। डांस प्रतियोगिता में ग्रुप, युगल तथा एकल श्रेणियाँ शामिल हैं। वहीं कबड्डी मैच के रूप में आयोजित होगा, जिसमें खिलाड़ियों को खेल भावना और कौशल के आधार पर पुरस्कृत किया जाएगा।

# निकायों में निर्वाचित महिला जनप्रतिनिधियों के रिश्तेदार कार्यों में नहीं कर सकेंगे हस्तक्षेप

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

अलग खबर

अब नगरीय निकाय में निर्वाचित महिला जनप्रतिनिधियों के पारिवारिक रिश्तेदारों को सांसद या विधायक प्रतिनिधि नियुक्त नहीं किया जा सकेगा। इसके अलावा अब निर्वाचित महिला पदाधिकारियों के काम काज संचालन के दौरान उनके सगे संबंधी किसी भी तरह के हस्तक्षेप नहीं कर सकेंगे।

नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग के अवर सचिव एस आर ठाकुर ने सभी नगरीय निकायों के आयुक्त को आदेश जारी किया है कि नगरीय निकायों के कामकाज संचालन के दौरान बैठक आदि में महिला पदाधिकारियों के कोई भी संबंधी रिश्तेदार भाग नहीं लेंगे और ना ही किसी तरह की हस्तक्षेप या दखलअंदाजी करेंगे। इसके अलावा किसी विषय पर किसी भी पदाधिकारी या कर्मियों को महिला पदाधिकारी की ओर से निर्णय लेकर सूचित करेंगे। उल्लेखनीय है कि छत्तीसगढ़ नगर पालिक निगम अधिनियम की धारा 19 के तहत निर्वाचित सांसद व विधायकों द्वारा नगरीय निकायों में अपना प्रतिनिधि नियुक्त किया जाता है। राष्ट्रीय मनवाधिकार आयोग द्वारा प्रदेश के नगरीय निकायों में सांसदों एवं विधायकों के द्वारा निर्वाचित महिला जनप्रतिनिधियों के पारिवारिक रिश्तेदारों को प्रॉक्सी प्रतिनिधि नियुक्त किए जाने पर भारतीय संविधान के अनुच्छेद 14, अनुच्छेद 15 (3) व अनुच्छेद 21 का उल्लंघन माना है। राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग द्वारा उक्त उल्लंघन के तहत भारतीय न्याय संहिता 2023 की धारा 207, 223 व 316 एवं मानवाधिकार संरक्षण अधिनियम 1953 की धारा 13 के तहत कार्यवाही का भी उल्लेख किया है। नगरीय निकाय विभाग के संज्ञान में लाया गया है कि कई नगरीय निकायों में निर्वाचित महिला जनप्रतिनिधियों के पारिवारिक रिश्तेदार को प्रॉक्सी प्रतिनिधि नियुक्त किया जा रहा है।

## राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग ने भारतीय संविधान के तहत माना उल्लंघन

**खास बात**

- निर्वाचित महिला पदाधिकारियों के रिश्तेदारों के विधायक व सांसद प्रतिनिधि बनने पर लगी रोक




### सांसद व विधायकों को निर्देश से कराएं अवगत

राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग के निर्देश एवं भारतीय संविधान के अनुच्छेद 14, अनुच्छेद 15 (3) व अनुच्छेद 21 का उल्लंघन होने के कारण समस्त नगरीय निकायों के आयुक्त, मुख्य नगर पालिका अधिकारी को निर्देशित किया गया है कि तत्काल अपने निकायों में निर्वाचित महिला जनप्रतिनिधियों के पारिवारिक रिश्तेदार जो नामांकित जनप्रतिनिधि हैं उनके संबंध में परीक्षण कर सांसद व विधायकों से राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग के निर्देशों के पालन के लिए अवगत कराएं एवं अन्य नामांकित जनप्रतिनिधियों की नियुक्ति के लिए आवश्यक कार्यवाही करें।

## कोल्गा और उसके आसपास बसने वाले लोग पहुंचे थे जिला मुख्यालय

# कोल्गा में कूप कटाई का मामला पकड़ा तूल डीएफओ कार्यालय का ग्रामीणों ने किया घेराव



वन विभाग के कार्यालय परिसर में बैठे ग्रामीण।,



ग्रामीणों को समझाइश देते डीएफओ, एसडीएम व अन्य अधिकारी कर्मचारी।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

कोरबा वन मंडल के पसरखेत रेंज के कोल्गा में वन विभाग द्वारा किए जा रहे कूप कटाई का मामला शांत होने का नाम नहीं ले रहा है। पिछले दिनों गांव में जमकर हंगामा हुआ था

**खास बात**

- डीएफओ और जिला प्रशासन की समझाइश के बाद वापस लौटे ग्रामीण

जिसके बाद ग्रामीणों के नाम पर एफआईआर दर्ज भी हुआ था। अब यह मामला और भी तूल पकड़ता जा रहा है। सोमवार को बड़ी संख्या में ग्राम कोल्गा गेट और उसके आसपास के गांव के लोग बड़ी संख्या में वन विभाग के कार्यालय पहुंचे थे और विभाग के कार्यालय का घेराव कर दिया था। प्रशासन और पुलिस के अफसर की टीम की उपस्थिति में डीएफओ ने ग्रामीणों को समझाया और उनकी सहमति के बाद ही कूप कटाई की जाएगी तब जाकर ग्रामीणों का गुस्सा शांत हुआ।

उल्लेखनीय है कि वन विभाग द्वारा वर्किंग प्लान के तहत कोरबा वन मंडल के पसरखेत रेंज के अंतर्गत आने वाले ग्राम कोल्गा में कूप कटाई किया जा रहा है। बताया जाता है कि बीते वर्ष भी कोल्गा में कूप कटाई के दौरान जमकर हंगामा हुआ था और इस साल भी वन विभाग कूप कटाई करने पहुंचे थे जहां ग्रामीणों ने जमकर हंगामा करते हुए वन विभाग के कर्मचारियों के साथ गाली गलौच कर उनके औजारों को छीन लिया था। वन विभाग ने इस मामले की शिकायत पुलिस से की थी जिसपर ग्रामीणों के खिलाफ करतला पुलिस ने मामला भी दर्ज किया था। अब यह मामला लगातार बिगड़ते ही जा रहा है। बताया जाता है कि ग्राम कोल्गा और उसके आसपास क्षेत्र में बसने वाले गांव के लोग सोमवार को बड़ी संख्या में कलेक्ट्रेट जा पहुंचे थे। जहां उन्होंने मामले की शिकायत को लेकर कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा, जिसके बाद सभी ग्रामीण बड़ी संख्या में कलेक्ट्रेट कार्यालय से सीधा वन विभाग कार्यालय पहुंचे और कार्यालय का घेराव करते हुए जमकर हंगामा शुरू कर दिया। घंटों हंगामा करने के बाद ग्रामीणों की एक डेलिगेशन टीम डीएफओ से मुलाकात करने पहुंची। जहां डीएफओ प्रेमलता यादव सहित एसडीएम व अन्य अधिकारियों की उपस्थिति में डेलिगेशन टीम से बातचीत की गई। जिसके उपरांत डीएफओ प्रेमलता यादव सहित अन्य अधिकारी कर्मचारी हंगामा कर रहे ग्रामीणों से मुलाकात की और उन्हें समझाइश दी कि उनकी सहमति के बाद ही कूप कटाई की जाएगी। साथ ही उनके अन्य मांगों को लेकर आने वाले दिनों में गांव में बैठक की जाएगी। इसके बाद ग्रामीणों का गुस्सा शांत हुआ और ग्रामीण वापस लौट गए।

### खदान खोले जाने को लेकर ग्रामीणों में संशय

कोलगा के ग्रामीणों ने जिला मुख्यालय पहुंचकर वन मंडल कार्यालय परिसर में प्रदर्शन किया। उन्हें इस बात का डर है कि कोलगा में कूप कटाई के बहाने भविष्य में जंगल मे ही कोयला खदान खोली जा सकती है। लोगों की इसी बात की आशंका है, पर डीएफओ ने कहा कि उन्हें ऐसे किसी प्रस्ताव के बारे में जानकारी नहीं है। कोलगा में वन पर्यावरण और जलवायु परिवर्तन विभाग की ओर से मिली अनुमति के आधार पर वन विभाग के द्वारा कूप कटाई कराई जा रही है। लोगों के विरोध के बाद काम रुका हुआ है। ग्रामीणों को अब भय सता रहा है कि जहां पर अभी कूप कटाई जा रही है, वहां बाद में कोयला खदान खोल दी जाएगी।

### दी गई समझाइश

पसरखेत रेंज में वर्किंग प्लान के तहत कूप नंबर 1 को पिछले साल कटना था जबकि कूप नंबर 2 इस साल कटाई किया जाना है। पसरखेत रेंज में कुल तीन कूपों की कटाई की जानी है। जिसके लिए विभाग द्वारा कूप कटाई किया जा रहा है जिसका ग्रामीण विरोध कर रहे हैं। ग्रामीण अपनी मांगों को लेकर वन विभाग के कार्यालय पहुंचे थे और उनका कहना था कि मार्किंग सही नहीं हुई है। उनकी मांग के अनुरूप ग्रामीणों के साथ बैठक कर मार्किंग की जाएगी और ग्रामीणों को समझाइश दी गई है जिसके बाद ग्रामीण लौट गए हैं।

**प्रेमलता यादव**, वनमंडलाधिकारी कोरबा

# महिला की फंदे में मिली लाश, जांच में जुटी पुलिस

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

लिव-इन रिलेशनशिप में रह रही एक महिला की संदिग्ध परिस्थितियों में घर के भीतर फंदे पर लटकी हुई

**खास बातें**

- बालको थाना क्षेत्र के रूमगरा बस्ती की मामला
- तीन साल से लिव इन रिलेशनशिप में थी महिला

लाश मिली है। महिला को उपचार के लिए मेडिकल अस्पताल में दाखिल कराया गया जहां चिकित्सकों ने परीक्षण उपरांत मृत घोषित कर दिया है। मृतिका के मायके पक्ष के लोग नहीं पहुंच पाये हैं जिसकी वजह से पीएम की कार्यवाही नहीं हो पायी। पीएम रिपोर्ट मिलने के बाद ही मौत के वास्तविक कारणों का पता चल सकेगा। महिला पिछले तीन वर्षों से लिव इन रिलेशनशिप में रहती थी।

जानकारी के अनुसार बालको थाना क्षेत्र अंतर्गत पुष्पा राठौर 35 वर्ष सत्यम सोनी नामक युवक के साथ लिव-इन रिलेशनशिप में रहने लगी थी। शुक्रवार को महिला का शव घर के अंदर फंदे से लटका मिला। महिला को फांसी के फंदे से नीचे उतारकर उसे मेडिकल अस्पताल पहुंचाया गया। जहां डॉक्टरों ने जांच के बाद महिला को मृत घोषित कर दिया। सूचना मिलने पर बालको थाना पुलिस मौके पर पहुंची और मर्ग कायम कर लिया है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है लेकिन मृतिका के मायके पक्ष वाले सोमवार को नहीं पहुंच सके जिसकी वजह से पीएम की कार्यवाही नहीं हो पायी है। पुलिस के मुताबिक मृतिका पुष्पा राठौर का मायक पड़ोसी जिला सक्ति के ग्राम नंदौर की रहने वाली थी जो पिछले तीन वर्षों से सत्यम सोनी के साथ रुमगरा में रहती थी। प्रथम दृष्टया मामला आत्महत्या का प्रतीत हो रहा है। हालांकि पुलिस सभी पहलुओं को ध्यान में रखते हुए जांच कर रही है। पुलिस का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट और जांच पूरी होने के बाद ही मौत के वास्तविक कारणों का खुलासा हो सकेगा।

# बाइक से गिरकर युवक की मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

कोरबी चौकी क्षेत्र अंतर्गत सिरमिना नवापारा निवासी बिजेंद्र कुमार 19 वर्ष पिता महिपाल सिंह अपने मोटरसाइकिल क्रमांक सीजी 16 सीएस 2758 में अपनी बड़ी मां समुन्द्री बाई एवं चाची फुलबाई को बैठाकर ग्राम साल्ही छोड़ने गया था। उसी दिन बिजेंद्र कुमार वापस अपने घर नवापारा आ रहा था कि रात्रि करीबन 8 बजे ग्राम सिरमिना के पास पहुंचा ही था कि बिजेंद्र अपने मोटर सायकल से अनियंत्रित हो गया और मोटर साइकिल सहित गिर गया। गिरने से बिजेंद्र कुमार को गंभीर चोट लगी थी जिससे उसकी मौत हो गई। मामले में कोरबी पुलिस ने मामला पंजीबद्ध कर जांच में जुट गई है।

# नपं अध्यक्ष पर ही विकास में बाधक बनने का आरोप

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजपुर

नगर पंचायत के पार्षदों ने अध्यक्ष के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। पार्षदों का आरोप है कि नपं अध्यक्ष शिकवा शिकायत में ही व्यस्त है और क्षेत्र का विकास रुक गया है। उन्होंने अध्यक्ष पर ही विकास कार्यों में बाधक बनने का आरोप लगाते हुए इस्तीफा की मांग की है। सोमवार को नगर पंचायत राजपुर के पार्षद प्रभात रंजन त्रिपाठी, विश्वास कुमार गुप्ता, नेहा चौबे ने पत्रकार वार्ता के दौरान आरोप लगाया कि नगर पंचायत अध्यक्ष धरम सिंह स्वयं नगर के विकास में अवरोध उत्पन्न करने के लिए कलेक्टर के पास मिथ्या शिकायत का काम कर रहे है। वे अधिकारी कर्मचारियों पर दबाव बनाने के लिए ऐसी शिकायत कर रहे है। प्रदेश में ट्रिपल इंजन की सरकार होने व विधायक, सांसद के साथ मंच साझा करते हुए विकास के दावे कर रहे है लेकिन परिषद गठन के 9 माह का समय बीत जाने के बाद भी निकाय में कोई काम नहीं हुआ जबकि नगर पंचायत कुसमी में लगातार निर्माण कार्यों की स्वीकृति मिल रही है जबकि नपं अध्यक्ष धरम सिंह द्वारा मंगल भवन निर्माण स्ट्रीट लाइट सीएमओ के ऊपर डीजल चोरी जैसे आरोपों पर शिकायत के छह माह बीत जाने के बाद भी कोई कार्रवाई नहीं हुई जिससे ये स्पष्ट है कि नगर पंचायत अध्यक्ष स्वयं से निर्णय न झांसे में आते हुए मिथ्या शिकायत करने में व्यस्त हैं जिसके कारण नगर का लोकहित कार्यों के साथ ही विकास कार्य रुक सा गया है।

# बड़मार व सुईआरा के बीच दंतैल के विचरण से खतरा

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

जिले में तीन लोगों को मौत के घाट उतारने के बाद आतंक का पर्याय बना दंतैल हाथी अब कोरबा वनमंडल के करतला रेंज में पहुंच गया जो बड़मार तथा सुईआरा के बीच जंगल में विचरण कर रहा है। जिसकी निगरानी वन विभाग द्वारा ड्रोन कैमरे व मैदानी अमले से कराई जा रही है निगरानी तेज होने की वजह से दंतैल हाथी विगत को तीन दिनों की वजह से दंतैल हाथी विगत दो-



निगरानी के दौरान वन विभाग की टीम।

तीन दिनों से शांत है। इससे पहले कटघोरा वनमंडल में उत्पात मचाकर तथा दो ग्रामीणों पर हमला कर दहशत मचा दिया था। हाथी के आतंक से ग्रामीण के साथ-साथ वन विभाग परेशान था। कटघोरा वनमंडल में आतंक मचाने के बाद वह कोरबा वनमंडल के बालको रेंज में पहुंचा था यहां दो तीन दिनों तक विचरण करने के बाद कोरबा रेंज पहुंचा और बताती गेरांव के रास्ते बीती रात करतला रेंज पहुंच गया। दंतैल हाथी ने फिलहाल कोई बड़ा नुकसान नहीं पहुंचाया है लेकिन इसकी संभावना बनी हुई है। इसे देखते हुए वन विभाग सतर्क हो गया है। हाथी की मौजूदगी वाले बड़मार, सुईआरा तथ आसपास के ⏭ शेष पेज 3 पर

## विद्युत संयंत्रों में सस्ता होगा विद्युत उत्पादन, 25 से 30 पैसा प्रति यूनिट कमी की संभावना

# बिजली कंपनियों को मिली राहत, एफजीडी मानकों में छूट से घटेगी लागत

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

सरकार ने कोयला आधारित बिजली संयंत्रों के लिए एफजीडी मानकों में ढील दी है। अब सिर्फ बड़े शहरों के 10 किमी दायरे में संयंत्रों में इसे लगाना जरूरी होगी। इस बदलाव से बिजली उत्पादकों की लागत घटेगी और वे प्रतिस्पर्धा में बेहतर प्रदर्शन कर पाएंगे।

उल्लेखनीय है कि सरकार ने कोयला आधारित बिजली संयंत्रों के लिए एफजीडी मानकों में ढील दी है। कोयला जलने से निकलने वाली हानिकारक गैसों में से सल्फर डाई ऑक्साइड को अलग करने के



लिए सभी थर्मल पावर प्लांटों में एफजीडी सिस्टम अनिवार्य किया गया था लेकिन अब नए नियमों के अनुसार, 10 लाख से ज्यादा आबादी वाले शहरों के 10 किलोमीटर दायरे में लगे बिजली संयंत्रों को ही ये लगाना होगा। बड़े शहरों के 10 किमी के दायरे में इसे लागू करना अच्छा कदम है। इससे बिजली संयंत्रों में इन उपकरणों के इंस्टालेशन, संचालन और रखरखाव का खर्च घटेगा। इससे बिजली कंपनियों की पूंजीगत लागत घटेगी। भारतीय कोयले में सल्फर की मात्रा बेहद कम होती है। पावर प्लांट के अलावा भी प्रदूषण की अन्य वजहें हैं, जिनमें देश भर में फैले ईंट-भट्ठे शामिल हैं। देश में सल्फर डाई ऑक्साइड का उत्सर्जन राष्ट्रीय मानकों के अनुरूप है। माना जा रहा है कि पावर प्लांटों के लिए सल्फर उत्सर्जन के मानकों में ढील से बिजली की कीमतों में 25-30 पैसे प्रति यूनिट की कमी आने की संभावना है। एफजीडी मानकों में ये ढील करीब एक दशक तक चले विरोध के बाद दी गई है। खासकर आईआईटी दिल्ली जैसे बड़े संस्थानों ने अपने अध्ययन में ये पाया है कि लागत बढ़ाने के अलावा इसका कोई और विशेष प्रभाव नहीं है। उन्होंने कहा कि आज के दौर में जब सोलर एनर्जी और थर्मल प्लांट के बीच बिजली उत्पादन को लेकर कड़ी प्रतिस्पर्धा है, उसको देखते हुए ये बेहतर कदम है। इस रियायत से बिजली संयंत्रों के बंद होने का जोखिम कम होगा। नियामकीय दखल कम होने से कोल पावर प्लांट्स को फायदा होगा।

# जिले में अब तक किसानों से 68 हजार क्विंटल धान की हुई खरीदी

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

छत्तीसगढ़ शासन द्वारा खरीफ वर्ष 2025-26 में जिले के 65 धान उपार्जन केन्द्रों में किसानों से धान की खरीदी की जा रही है। शासन द्वारा समर्थन मूल्य पर धान खरीदी होने से किसानों में हर्ष व्याप्त है। धान खरीदी केंद्रों में जिला प्रशासन द्वारा किसानों की उपज खरीदी के लिए ऑनलाइन टोकन वितरण, बारदाने की उपलब्धता, इलेक्ट्रॉनिक तौल मशीन से तौलाई, शीघ्रता से भुगतान आदि की समुचित व्यवस्था की गई है। जिले में 52 हजार से अधिक किसान धान विक्रय के लिए पंजीकृत है। जिले में 22 दिसम्बर तक 679976.80 क्विंटल गुणवत्तायुक्त धान पंजीकृत किसानों से खरीदी की गई है। जिला प्रशासन द्वारा समितियों से धान का उठाव भी शीघ्रता से कराया जा रहा है। कोरबा जिले में अब तक 440158 क्विंटल धान का उठाव हो चुका है। जिला प्रशासन द्वारा हाथी प्रभावित क्षेत्रों एवं संवदेनशील धान खरीदी केन्द्रो से प्राथमिकता से धान का उठाव किया जा रहा है। जिससे किसानों को धान बेचने में परेशानी न हो। साथ ही किसानो की सुविधा को ध्यान में रखते हुए संग्रहण केन्द्रों की व्यवस्था एवं समितियों में धान की स्टैकिंग कराकर स्थान बनाया गया है।

## खबर संक्षेप

### फर्नीचर फैक्ट्री में आग लगने से लाखों का नुकसान

**देवरी सारागांव।** सारागांव क्षेत्र के बम्हनीडीह रोड स्थित श्रीराम फर्नीचर फैक्ट्री में भीषण आगजनी की घटना सामने आई है। आग से फैक्ट्री में रखा फर्नीचर खाक हो गई। जिसमें लाखों रुपए के नुकसान का अनुमान लगाया जा रहा है। घटना 17 दिसंबर की रात लगभग 11 बजे की बताई जा रही है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार फैक्ट्री परिसर में अचानक धुंआ उठता दिखाई दिया, जब तक लोग कुछ समझ पाते , आग ने विकराल रूप धारण कर लिया। घटना की सूचना मिलते ही सारागांव पुलिस मौके पर पहुंची और फायर ब्रिगेड को बुलाया गया। फायर ब्रिगेड की टीम ने करीब तीन घंटे कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया। आगजनी के दौरान फैक्ट्री में अफरा तफरी का माहौल बना रहा। आग लगने के कारणों का स्पष्ट पता नहीं चल सका है। हालांकि प्रारंभिक तौर पर शार्ट शर्किट की आशंका जताई जा रही है। पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है।

### एनएच के गड्ढों पर खोया नियंत्रण ट्रक ने युवक को कुचला

**राजपुर।** सोमवार को तेज रफ्तार ट्रक की चपेट में आकर बाइक सवार युवक की मौके पर ही मौत हो गई। एनएच 343 पर बने गड्ढों में अनियंत्रित होकर गिरे बाइक सवार पर पीछे से आ रहे ट्रक का पहिया चढ़ गया। चक्के के नीचे आने से युवक की कुचलकर मौत हो गा। इस घटना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस द्वारा शव को उठाकर मर्च्युरी में रखा गया है। फिलहाल मृतक युवक की शिनाख्त नहीं हो पाई है। बताया जा रहा है कि सोमवार की शाम लगभग 5 बजे एनएच 343 पर बाइक क्रमांक सीजी 15 ई 8111 से युवक राजपुर से रामानुजगंज की ओर जा रहा था। इस दौरान जैसे ही वह तहसील कार्यालय के समीप पहुंचा सड़क पर बने गड्ढों के कारण उसने बाइक से नियंत्रण खो दिया और संतुलन बिगड़ने से युवक सड़क के बीचो बीच गिर गया। इसी दौरान पीछे से आ रहे ट्रक क्रमांक सीजी 15 ईई 2549 के चालक ने युवक को कुचल दिया। ट्रक के चक्के के नीचे आने से युवक की मौके पर ही मौत हो गई। इस घटना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को मर्च्युरी भेजने के साथ ही वाहन को जब्त कर लिया है। घटना के बाद ट्रक चालक फरार हो गया। बड़ी बात यह है कि अब तक मृतक की पहचान नहीं हो पाई है। पुलिस द्वारा मृतक की शिनाख्त हेतु प्रयास किए जा रहे है। प्रत्यक्षदर्शियों का कहना है कि यदि सड़क की स्थिति बेहतर होती, तो यह हादसा टाला जा सकता था। उल्लेखनीय है कि राजपुर शहर की सीमा गेउर नदी से प्रारंभ होकर तहसील कार्यालय तक मानी जाती है लेकिन इस दायरे में राष्ट्रीय राजमार्ग का निर्माण कार्य बेहद धीमी गति से चल रहा है।

### पीलिया से परेशान ग्रामीण ने रेता खुद का गला, मौत

**अम्बिकापुर।** एक सप्ताह से पीलिया बीमारी से जूझ रहे ग्रामीण ने झाड़ फूंक के बाद भी बीमारी ठीक नहीं होने से न सिर्फ परेशान था बल्कि बीमारी से तंग आकर खुद का गला चाकू से रेत लिया। परिजन घायल को लेकर मेडिकल कॉलेज अस्पताल पहुंचे जहां चिकित्सकों ने जांच उपरांत ग्रामीण को मृत घोषित कर दिया। सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम किया है। जानकारी के अनुसार धरमजगढ़ निवासी अब्बु चंद यादव आ. मेघनाथ यादव (50 वर्ष) विवाह नहीं होने से घर में अकेला था। दो साल पूर्व पत्थलगांव अंतर्गत बदियाखाड़ निवासी बहन रीना यादव के पास रह रहा था। इसी बीच एक सप्ताह पूर्व पीलिया बीमारी से पीड़ित हो गया। जिस पर गांव में ही झाड़ फूंक कराने लगा लेकिन बीमारी ठीक नहीं हुआ। बीमारी ठीक नहीं होने से काफी परेशान रहने लगा। 21 दिसंबर की रात बहन भोजन करने के लिए उसे बुलाने उसके कमरे में गई तो पता चला कि दरवाजा अंदर से बंद है। काफी आवाज देने के बाद भी जब दरवाजा नहीं खोला को घटना की जानकारी परिवार के लोगों को दी। परिजन दीवार के छेद से अंदर देखा लेकिन वह नजर नहीं आया जिस पर परिवार के लोगों ने दीवार को तोड़ अंदर दाखिल हुए तो उनके होश उड़ गए। कमरे में वह लहूलुहान हालत में बेहोश पड़ा था। चाकू से गला कटा हुआ देख परिजन उसे तत्काल पत्थलगांव अस्पताल में भर्ती कराया।

### राइस मिल से 3946 क्विंटल धान गायब चल रही बड़े पैमाने पर अफरा तफरी

अंबिकापुर। राइस मिल में बड़े पैमाने पर धान की अफरा तफरी का मामला सामने आया है। कार्रवाई के दौरान शिव फूड प्रोडक्ट राइस मिल से 3 हजार 946 क्विंटल धान कम पाया गया है। इतना ही नहीं संचालक की मौजूदगी में जूट के बारदाने से धान को प्लास्टिक बोरी में पटलने का काम भी हो रहा था। अधिकारियों ने समिति में अवैध रूप से धान खपाने के इस खेल को रंगे हाथों पकड़ा है। फिलहाल इस मामले की जांच चल रही है। बता दें कि नवपदस्थ कलेक्टर अजीत वसंत ने जिले में अवैध धान की खरीदी रोकने और धान के पुनर्चक्रण पर कड़ी कार्रवाई के निर्देश दिए हैं। इसी कड़ी में खाद्य अधिकारी एवं जिला विपणन अधिकारी सरगुजा द्वारा संयुक्त रूप से 18 दिसंबर को मेसर्स शिवम फूड प्रोडक्ट, कंठी स्थित राइस मिल का औचक निरीक्षण किया गया।

## पृष्ठ 1 का शेष

### बड़मार व...

गांवों में मुनादी कराकर ग्रामीणों को सतर्क करने का काम तेज कर दिया गया है। ग्रामीणों को खतरनाक हाथी के क्षेत्र में पहुंचने की जानकारी देते हुए उन्हें जंगल की ओर न जाने तथा घरों में रहने की अपील की जा रही है।

# राष्ट्रधर्म की हुंकार, कुलश्रेष्ठ के ओजस्वी विचारों से जागा कोरबा

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

अलग खबर

आज भारत की सबसे बड़ी चुनौती सीमाओं के बाहर नहीं, बल्कि समाज के भीतर पल रही मानसिक पराधीनता है। जो युवा अपने इतिहास, संस्कृति और राष्ट्र के प्रति उदासीन है, वही अनजाने में राष्ट्र को कमजोर करता है। राष्ट्रवाद किसी अवसर पर बोला जाने वाला नारा नहीं, बल्कि जीवन का अनुशासन है। जिस दिन भारत का युवा अपने गौरवशाली अतीत से जुड़ जाएगा, उस दिन कोई भी ताकत इस देश को झुका नहीं सकेगी।

उक्त बातें वरिष्ठ पत्रकार एवं प्रखर राष्ट्रवादी वक्ता पुष्पेन्द्र कुलश्रेष्ठ ने आशीर्वाद पॉइंट में आयोजित संगोष्ठी के दौरान कही। उन्होंने युवाओं से आह्वान किया कि वे सुविधा और स्वार्थ के दायरे से बाहर निकलकर राष्ट्र के लिए सोचें, लिखें, बोलें और कार्य करें, क्योंकि राष्ट्र का भविष्य उन्हीं के चरित्र और चिंतन पर निर्भर करता है। जैसे ही श्री कुलश्रेष्ठ ने मंच से बोलना प्रारंभ किया, वातावरण में मौन नहीं बल्कि संकल्प की गंभीरता छा गई। उनके शब्द तीखे थे, स्पष्ट थे और समझौते से परे थे। उनका यह उद्घोष सभागार में उपस्थित प्रत्येक युवा के भीतर आग की तरह उतर गया। बार-बार भारत माता की जय और वंदे मातरम के घोष से पूरा आशीर्वाद पॉइंट गूंज उठा। कार्यक्रम के दौरान मंच पर अनेक गणमान्य अतिथि, सामाजिक संगठन के पदाधिकारी, राष्ट्रवादी चिंतक एवं जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे, जिनमें सत्येंद्र दुबे अशोक तिवारी, विशाल उपाध्याय, गोपाल मोदी, संजू देवी राजपूत, हीतानंद अग्रवाल उपस्थित रहे। सभी मंचस्थ विशिष्ट अतिथियों ने कहा कि पुष्पेन्द्र कुलश्रेष्ठ के विचारों को राष्ट्रनिर्माण के लिए अनिवार्य बताते हुए कहा कि ऐसे निर्भीक वक्ता ही युवाओं को भ्रम से निकालकर स्पष्ट दिशा प्रदान कर सकते हैं। पूरे कार्यक्रम के दौरान युवाओं के चेहरे पर जो भाव था, वह किसी भाषण का नहीं बल्कि किसी आह्वान को स्वीकार करने का था। कार्यक्रम के समापन पर उपस्थित युवाओं ने एक स्वर में यह संकल्प लिया कि वे विचारहीन भीड़ का हिस्सा नहीं बनेंगे, बल्कि राष्ट्र के प्रति सजग, संस्कारित और संघर्षशील नागरिक बनकर भारत के पुनरुत्थान में अपनी भूमिका निभाएंगे।

### युवाओं ने लिया भारत निर्माण का संकल्प

**खास बातें**

- आशीर्वाद पाइंट में आयोजित थी संगोष्ठी
- सैकड़ों की संख्या में सुनने के लिए पहुंचे थे लोग




## 11 गांवों के विद्यार्थियों के लिए आयोजित किया गया कौशल विकास का प्रशिक्षण

# एचटीपीएस ने सिपेट की मदद से 40 विद्यार्थियों को दिलाया कौशल विकास का प्रशिक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

ग्रामीण क्षेत्र के विद्यार्थी कौशल विकास प्रशिक्षण का लाभ ज्यादा से ज्यादा उठाएं। इससे उन्हें कॅरियर बनाने में काफी मदद मिलेगी। ऐसे प्रशिक्षण कार्यक्रमों के लिए हरसंभव मदद देने के लिए हम तत्पर रहेंगे। एचटीपीएस कोरबा पश्चिम के मुख्य अभियंता एचके. सिंह ने सिपेट में आयोजित कौशल विकास प्रशिक्षण के समापन समारोह में व्यक्त किए। एचटीपीएस की ओर से नई परियोजना 2×660 मेगावाट विद्युत संयंत्र के समीपस्थ 11 गांवों के विद्यार्थियों के लिए केंद्रीय पेट्रो रसायन अभियांत्रिकी एवं प्रौद्योगिकी संस्थान (सिपेट) की मदद से दूसरे चरण का कौशल विकास प्रशिक्षण दिया गया।

छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत उत्पादन कंपनी औद्योगिक पर्यावरणीय उत्तरदायित्व के लिए समर्पित भाव से कार्य कर रही है। छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत उत्पादन कंपनी, हसदेव ताप विद्युत गृह कोरबा पश्चिम के समीपस्थ 11 गांवों में सीईआर के कार्यों को विस्तारित कर रही है। सिपेट में 15 से 19 दिसंबर तक कौशल विकास प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में अतिरिक्त मुख्य अभियंता (तकनीकी एवं सहायक सेवाएं) एमके गुप्ता एवं परियोजना प्रबंधक एसके पंड्या ने भी विद्यार्थियों को संबोधित किया। यह प्रशिक्षण कार्यक्रम मुख्य अभियंता एचके सिंह के मार्गदर्शन एवं अतिरिक्त मुख्य अभियंता (तकनीकी एवं सहायक सेवाएं) एमके गुप्ता के निर्देशन में प्रशिक्षण विभाग के संयोजन से कराया गया। सिपेट कोरबा के प्रशिक्षकों की टीम में रजनीश पांडेय, संजय बदुक, महेश तुड़ शामिल रहे। प्रतिभागी 40 विद्यार्थियों को सिपेट के प्रशिक्षकों ने प्लास्टिक उत्पाद निर्माण तकनीक इंजेक्शन मोल्डिंग, ब्लो-मोल्डिंग इत्यादि) के अंतर्गत उत्पादक मशीनों की कार्यप्रणाली, रखरखाव एवं विभिन्न क्षेत्रों में प्लास्टिक के उपयोग पर प्रशिक्षित किया। इसके साथ ही औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान (आईटीआई) की तर्ज पर प्रशिक्षणार्थियों के लिए कन्वेंशनल मशीनिंग व कप्यूटर न्यूमेरिक कण्ट्रोल मशीनिंग के साथ कप्यूटर का प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण के बाद इन प्रशिक्षणार्थियों को सिपेट, कोरबा की ओर से मुख्य अतिथि मुख्य अभियंता एचके सिंह एवं विशिष्टि अतिथियों के हाथों प्रतिभागी प्रमाणपत्र दिया गया। इस अवसर पर सिपेट, कोरबा के प्रबंधक (तकनीकी) राजीव कुमार लिल्हारे, एचटीपीएस से अधीक्षण अभियंता (प्रशिक्षण) सुमित सिंह एवं कार्यपालन अभियंता (प्रशिक्षण) मनोज मिश्रा उपस्थित रहे।



कार्यक्रम में उपस्थित अतिथि व छात्रा।

# मृतकों के परिवारों के लिए सहायता राशि हुई स्वीकृत

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

कलेक्टर कुणाल दुदावत के निर्देश पर अपर कलेक्टर कटघोरा ओंकार यादव द्वारा अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) कटघोरा, पाली एवं पोंड़ीउपरोड़ा की अनुशंसा पर सर्पदंश, पानी में डूबने से मृत्यु हो जाने के कारण 7 मृतकों के परिवार के निकटतम व्यक्ति/वारिसों को राजस्व पुस्तक परिपत्र 6-4 के तहत चार-चार लाख रूपये के मान से कुल 28 लाख रूपये की आर्थिक सहायता राशि स्वीकृत की गई है।

जारी आदेश के अनुसार सर्पदंश से 30 अगस्त 2024 को शिवशंकर मरार आत्मज पीतांबर पटेल साकिन जुराली तहसील पोंड़ीउपरोड़ा की मृत्यु हो जाने के कारण उनकी पत्नी सरिता पटेल, 10 सितंबर 2024 को प्रभुसिंह आत्मज उमेंद सिंह साकिन सिर्री तहसील पसान की मृत्यु हो जाने से उनकी पत्नी शिवकुमारी और 2 मार्च 2025 को अंजली कुमारी धनवार साकिन छिंदपानी तहसील हरदीबातार की मृत्यु हो जाने से उनके पति रविशंकर धनवार को राजस्व पुस्तक परिपत्र 6-4 के तहत चार-चार लाख रूपये की आर्थिक सहायता राशि स्वीकृत की गई है। इसी तरह 26 मार्च 2025 को ग्राम अखरापाली (मौहाडीह) में स्थित वीर सिंह मुड़ा तालाब के पानी में डूबने से प्रवीण कुमार यादव साकिन अखरापाली तहसील दीपका की मृत्यु हो जाने से उनके पिता प्यारेलाल यादव, 21 जून 2023 को भूरी बाई पति स्व. मालिक राम यादव साकिन हरदीकला तहसील दीपका की कुआं के पानी में डूबने से मृत्यु हो जाने से उनके पुत्र जिवराखन लाल यादव, 1 सितंबर 2025 को ग्राम घुड़देवा स्थित अहिरन नदी कटाईनार स्ऑप डेम के पानी में डूबने से योगेश कुमार साकिन घुड़देवा तहसील कटघोरा की मृत्यु हो जाने से उनके पिता छबिलाल और 25 सितंबर 2025 को कुआं के पानी में डूबने से रतियारो बाई मंझवार साकिन भुलसीभावना, धजाक तहहसील पोंड़ीउपरोड़ा की मृत्यु हो जाने के कारण उनके पति बुद्धूराम मंझवार को राजस्व पुस्तक परिपत्र 6-4 के तहत चार-चार लाख रूपये की आर्थिक सहायता राशि स्वीकृत की गई है।

# डीएवी स्कूल में दो दिवसीय वार्षिक खेल महोत्सव का समापन


सम्मानित होते बच्चे।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

डीएवी मुख्यमंत्री पब्लिक स्कूल खरमोरा में 19 से 20 दिसंबर तक आयोजित वार्षिक खेल महोत्सव केवल एक खेल आयोजन न होकर अनुशासन, समर्पण, टीम भावना एवं विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास का जीवंत उदाहरण बनकर उभरा। दो दिनों तक विद्यालय परिसर खेल भावना, उल्लास, ऊर्जा और आत्मविश्वास से सराबोर रहा, जहां नन्हें एलकेजी के बच्चों से लेकर कक्षा 12वीं तक के विद्यार्थियों ने अपने उत्कृष्ट प्रदर्शन से सभी का मन मोह लिया। विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुत ओलंपिक मशाल रिले ने कार्यक्रम में विशेष आकर्षण जोड़ा। यह दृश्य अत्यंत प्रेरणादायी था, जो खेलों के प्रति छात्रों की निष्ठा, अनुशासन और एकता को दर्शा रहा था। प्रथम दिवस में मुख्य अतिथि के रूप में प्रताप सिंह कंवर पार्षद तथा विशिष्ट अतिथि के रूप में मंजू तिवारी प्राचार्य उपस्थिति रही। प्राचार्य हेमंतो मुखर्जी एवं समस्त शिक्षकगणों ने अतिथियों का पारंपरिक रीति से तिलक स्वागत किया। खेलों को आयु एवं कक्षा के अनुसार चार वर्गों एलकेजी से कक्षा 2, कक्षा 3 से 5, कक्षा 6 से 8 तथा कक्षा 9 से 12 में विभाजित किया गया। इन वर्गों में अनेक एथलेटिक्स प्रतियोगिताएँ एवं सामूहिक खेल आयोजित किए गए। डॉ. श्रीमती राज रेखा शुक्ला ने भी विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि खेल बच्चों को अनुशासन, आत्मविश्वास और नेतृत्व क्षमता प्रदान करते हैं। खेल प्रतियोगिताओं में कुल लगभग 350 विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया, जिनमें 200 बालक एवं 150 बालिकाएँ सम्मिलित रहीं।

**खास बात**

- खेल, संस्कार और संघर्ष की त्रिवेणी बना स्कूल

# डीएवी के वार्षिकोत्सव में दिखी धरोहर सांस्कृतिक विरासत की झलक




हरिभूमि न्यूज ⏭ गेवरा-दीपका

डीएवी पब्लिक स्कूल गेवरा में रविवार को विद्यालय का वार्षिक उत्सव हर्षोल्लास के साथ आयोजित किया गया। वार्षिकोत्सव का शीर्षक धरोहर द लेगेसी रखा गया। जिसमें भारतीय सांस्कृतिक विरासत और परंपराओं की सुंदर प्रस्तुति देखने को मिली। विद्यालय प्रांगण में यह कार्यक्रम प्रातः 11:30 बजे से प्रारंभ हुआ। कार्यक्रम में विद्यार्थियों द्वारा सांस्कृतिक नृत्य, संगीत एवं विविध रंगारंग प्रस्तुतियों के माध्यम से देश की समृद्ध परंपराओं व संस्कृतियों को मंच पर जीवंत किया गया।

इस अवसर पर गेवरा एरिया के महाप्रबंधक ए.के. त्यागी, चेयरमैन एलएमसी, डीएवी पब्लिक स्कूल ने मुख्य अतिथि के रूप में समारोह की शोभा बढ़ाई। वहीं ए.के. श्रृंगारपुरे, जीएम (सेल्स), एस.ई.सी.एल गेवरा क्षेत्र, नामित चेयरमैन एलएमसी, अतिथि सम्मान के रूप में उपस्थित रहे। कार्यक्रम में पार्थ मुखर्जी, जी एम गेवरा परियोजना, एन.के. साहू, जीएम (ऑपरेशन) गेवरा क्षेत्र, विशेष अतिथि के रूप में शामिल हुए। साथ ही प्रशांत कुमार ,क्षेत्रीय अधिकारी, डीएवी संस्थान सी जी जोन, सी.एम. पांडेय, प्रबंधक, डीएवी पब्लिक स्कूल गेवरा परियोजना एवं टी.पी. राव, प्राचार्य, डीएवी पब्लिक स्कूल गेवरा परियोजना की उपस्थिति रही। मुख्य अतिथि ने कहा कि सभी नृत्यों में भारत की संस्कृति की झलक देखने को मिली। उन्होंने सभी बच्चों की सराहना करते हुए उन्हें अपनी शुभकामनाएं दी।

# ओमपुर में मनाई गई बाबा की जयंती



**कोरबा।** हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी ओमपुर में गुरु घासीदास जयंती बड़े धूमधाम से मनाया जा रहा है। दो दिवसीय 22 दिसंबर और 23 दिसंबर को कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। जिसमें समाज के लोग युवा और वरिष्ठ नागरिकों का भरपूर सहयोग मिल रहा है।

## बिजनेस प्लस

### चश्मा संसार 12 वर्ष पूर्ण होने पर अपने ग्राहकों को दे रही भारी छूट




**कोरबा।** पवार हाउस स्थित चश्मा संसार ने अपने 12 वर्ष पूर्ण कर लिए है। इन 12 वर्षों में चश्मा संसार ने कोरबावासियों के बीच अपनी सेवा और भरोसे को लेकर एक खास जगह बनाई है। सही दाम, उच्च क्वालिटी के प्रोडक्ट एवं बेहतर सेवा को ग्राहकों ने खूब पसंद किया। चश्मा संसार के संचालक जागेश्वर देवांगन ने बताया कि लोगों के प्यार और उनके दुकान पर दिखाए भरोसे से ये 12 वर्ष कैसे बीत गए पता ही नई चला।संचालक ने कहा कि 12 वर्ष पूर्ण होने की खुशी हम अपने सभी ग्राहकों के साथ मानना चाहते है। इस लिए ये स्पेशल ऑफर लेकर आए है। दुकान के 12 साल पूर्ण होने की खुशी में चश्मा संसार अपने सभी ग्राहकों को विशेष छूट ऑफर दे रहा है। ऑफर के तहत 23 से 31 दिसंबर तक सभी ब्रांडेड फ्रेम और ब्रांडेड सनग्लास में ग्राहकों को मिलेगा फ्लैट 25 प्रतिशत की छूट। साथ ही ब्रांडेड ग्लासेस में एक की खरीदी पर एक फ्री ऑफर भी गाहकों के लिए उपलब्ध हैं। चश्मा संसार के संचालक जागेश्वर देवांगन ने ग्राहकों से आग्रह किया है कि अगर आप भी पसंदीदा फ्रेम और सनग्लासेस की तलाश में है तो चश्मा संसार जरूर पधारे और इस शानदार ऑफर का लाभ उठाए।

# सशिमं दर्री में शैक्षणिक भ्रमण, मनोरंजक पिकनिक एवं गणित मेले का आयोजन



हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

सरस्वती शिशु मंदिर एचटीपीपी दर्री में विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास, व्यावहारिक ज्ञान तथा बौद्धिक क्षमता को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से शैक्षणिक भ्रमण, पिकनिक एवं गणित मेले का सुव्यवस्थित एवं सफल आयोजन किया गया। इन गतिविधियों के माध्यम से विद्यार्थियों को पुस्तकीय ज्ञान के साथ-साथ वास्तविक जीवन से जुड़ी जानकारियां प्राप्त करने का अवसर मिला।

विद्यालय के माध्यमिक, उच्च एवं उच्चतर विभाग के कक्षा षष्ठम से एकादश तक के भैया-बहनों को शैक्षणिक भ्रमण हेतु सिपेट (सेंट्रल इंस्टीट्यूट ऑफ पेट्रोकेमिकल्स इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी) ले जाया गया। इस भ्रमण के दौरान श्री रजनीश पांडे के कुशल मार्गदर्शन में विद्यार्थियों को पेट्रोकेमिकल, पॉलिमर एवं प्लास्टिक इंजीनियरिंग के क्षेत्र में विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। उन्होंने बताया कि सिपेट की स्थापना वर्ष 1968 में भारत सरकार द्वारा की गई थी तथा यह रसायन एवं उर्वरक मंत्रालय के अंतर्गत संचालित एक प्रतिष्ठित संस्थान है। यह संस्थान प्लास्टिक उद्योग के लिए आवश्यक तकनीकी ज्ञान, कौशल विकास एवं अनुसंधान के क्षेत्र में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। भ्रमण के दौरान विद्यार्थियों ने विभिन्न आधुनिक मशीनों को देखा और यह जाना कि किस प्रकार प्लास्टिक को विभिन्न आकार देकर दैनिक उपयोग की वस्तुएं बनाई जाती हैं। साथ ही उन्हें यह जानकारी भी दी गई कि प्लास्टिक पूर्णतः नष्ट नहीं होता, बल्कि उसे पुनर्चक्रण के माध्यम से दोबारा उपयोग में लाया जा सकता है।

# अखबार वितरकों को हर संभव करेंगे मदद : संजूदेवी

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा


कैलेंडर का विमोचन करते अतिथि व संघ के सदस्य।

महापौर श्रीमती संजूदेवी राजपूत, निगम सभापति नूतन सिंह ठाकुर, पार्षद प्रतिनिधि अविनाश बंजारे, वार्ड क्रमांक 2 के पार्षद ईश्वर पटेल छत्तीसगढ़ अखबार वितरक संघ जिला इकाई के नवनिर्मित कार्यालय टी पी नगर पहुंचे और छत्तीसगढ़ अखबार वितरक संघ के 2026 के कैलेण्डर का विमोचन किया।

महापौर श्रीमती संजूदेवी राजपूत ने कहा कि अखबार वितरण का काम चुनौति भरा होता है। चाहे कड़कड़ाती ठंड हो, चिलचिलाती धूप हो या फिर बरसता पानी, बिना रूके, हर घर में सुबह-सुबह अखबार पहुंचाना किसी चुनौति से कम नहीं। हम ऐसे श्रमवीरों के लिए कुछ कर सकें, तो बड़ी बात है। हम उन्हें हर संभव मदद के लिए तैयार हैं और अखबार वितरक संघ कार्यालय को संसाधन युक्त बनाने के लिए प्रयास करेंगे। अति विशिष्ठ अतिथि नगर पालिक निगम के सभापति नूतन सिंह ठाकुर ने अखबार वितरकों के कैलेण्डर विमोचन कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि सबसे पहले आप सभी सामूहिक बीमा कराएं और यह जीवन के लिए अति जरूरी है। उन्होंने कहा कि अखबार वितरकों का जीवन आर्थिक तंगी से गुजरता है और हम निगम की ओर से सभी वितरकों के लिए मोटराइज्ड/बैटरी वाली साईकिल के लिए प्रयास करेंगे। अतिथियों ने अखबार वितरक संघ के रचनात्मक कार्यों की भी प्रशंसा की। पार्षद ईश्वर पटेल एवं पार्षद प्रतिनिधि अविनाश बंजारे ने भी अखबार वितरकों के सहयोग की बात कही। अखबार वितरक संघ के प्रदेश अध्यक्ष पद्म सिंह चंदेल, जिला अध्यक्ष विपेंद्र कुमार साहू, सचिव जय नेताम सहित अन्य अतिथि उपस्थित थे। कार्यक्रम में दीपक साहू, कोषाध्यक्ष लक्ष्मी राठौर, रायसिंह, रामा, तपेश्वर राठौर, अनिल गिरी, राजकुमार पटेल, कृष्णा निर्मलकर, दिलबाग, यश नेताम, दिलीप यादव, ओंकार, दीपक, राहुल, यश, विजय, सोनू दास मानिकपुरी, किशन सहित अन्य वितरक उपस्थित थे।

**खास बात**

- छग अखबार वितरक संघ कोरबा इकाई के नए वर्ष कैलेंडर का हुआ विमोचन



## खबर संक्षेप



### चेंबर ऑफ कॉमर्स ने कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन

**कोरबा।** छग चेम्बर ऑफ़ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज़ द्वारा सोमवार को नवपदस्थ कलेक्टर कुणाल दुदावत का स्वागत किया और समस्त व्यापारियों पर शासन द्वारा ट्रेड लायसेंस के लागू करने के विरोध में मुख्यमंत्री व नगरीय प्रशासन मंत्री के नाम से ज्ञापन सौंपा। कलेक्टर श्री दुदावत द्वारा आश्वासन दिया गया कि यथा संभव मदद की जाएगी। ज्ञापन सौंपने के दौरान छग चेम्बर ऑफ़ कॉमर्स के अध्यक्ष संतोष अग्रवाल, प्रदेश उपाध्यक्ष जगदीश सोनी, प्रदेश मंत्री परमानंद अग्रवाल, महामंत्री गजानंद अग्रवाल, कार्यकारी अध्यक्ष पारस राम रमानी, कोषाध्यक्ष नितिन गुप्ता, उपाध्यक्ष नीतीश डालमिया एवं प्रेम रामचंदानी उपस्थित रहे।

### रेड क्रॉस का एचआईवी एड्स जागरूकता कार्यक्रम

**कोरबा।** शासकीय ईवीपीजी स्नातकोत्तर महाविद्यालय में रेड क्रॉस सोसाइटी के सहयोग तथा प्राचार्य डॉ.शिखा शर्मा के मार्गदर्शन एवं रेड क्रॉस संयोजक डॉ.अवंतिका कौशिल, सदस्य डॉ.ज्योति राठौर के निर्देशन में एचआईवी एड्सा जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि व्याख्याता डॉ.शैलेन्द्र कुमार गौतम, डॉ.रूपमती मरावी, सुश्री पूर्वा रानी, सुश्री अर्पणा कुजूर और चंदन चौहान के साथ स्नातक एवं स्नातकोत्तर के छात्र-छात्राएं उपस्थित थे। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों एवं आमजन को एचआई एड्स के कारणों, लक्षणों, रोकथाम तथा इससे संबंधित भ्रांतियों के प्रति जागरूक करना था। कार्यक्रम में रेड क्रॉस के विशेषज्ञों एवं संगीता चनापे द्वारा एचआई एड्सध के संक्रमण के तरीकों, सुरक्षित व्यवहार, समय पर जांच एवं उपचार की आवश्यकता पर विस्तार से जानकारी दी गई। साथ ही यह भी बताया गया कि सही जानकारी और जागरूकता के माध्यम से इस बीमारी से बचाव संभव है तथा इससे पीड़ित व्यक्तियों के प्रति संवेदनशील एवं सहयोगात्मक दृष्टिकोण अपनाना आवश्यक है। कार्यक्रम के अंत में रेड क्रॉस के प्रतिनिधियों एवं आयोजन समिति के सदस्यों के प्रति आभार व्यक्त किया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राध्यापक, कर्मचारी एवं बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

### स्टेट लेवल वॉलीबॉल टीम के लिए ट्रायल शुरु

**कोरबा।** स्टेट लेवल वॉलीबॉल चैम्पियनशिप के लिए कोरबा के (महिला एवं पुरुष) खिलाडियों का सिलेक्शन ट्रायल 15 दिसंबर को आयोजित हो चुकी है। एसईसीएल मैदान में शाम 4 बजे से आयोजित ट्रायल में सीनियर कैटेगरी में खिलाड़ी शामिल होते हैं। सभी खिलाड़ी प्रॉपर किट में आकर चयन स्पर्धा में शामिल हो सकते हैं। चयनित खिलाड़ी जिले की टीम से स्टेट चैम्पियनशिप में उतरेंगे। जो 25 से 28 दिसंबर तक भिलाई में आयोजित है। जहां पर सीनियर छत्तीसगढ़ (महिला एवं पुरुष) वर्ग की वॉलीबॉल टीम का चयन किया जाएगा, जो 4 जनवरी से 11 जनवरी तक वाराणसी (उत्तर प्रदेश) में आयोजित सीनियर नेशनल वॉलीबॉल चैम्पियनशिप में भाग लेंगे।

### एनकेएम लायंस खरहरकुड़ा में आनंद मेला आज

कोरबा। सीबीएसई अंग्रेजी माध्यम का विद्यालय नितेश कुमार मेमोरियल लायंस पब्लिक स्कूल खरहरकुड़ा में 23 दिसम्बर को आनंद मेला एवं विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन किया गया है। स्व. नितेश कुमार स्मृति क्रिकेट टूर्नामेंट का फायनल मैच के साथ खेल प्रतियोगिता भी सम्पन्न होगी। उक्ताशय की जानकारी देते हुए कार्यक्रम संयोजक एवं विद्यालय के चेयरमेन पीएमजेएफ लायन डॉ. राजकुमार अग्रवाल ने बताया कि मंगलवार को प्रातः 10 बजे से पखवाड़े भर से चल रहा स्व. नितेश कुमार स्मृति क्रिकेट टूर्नामेंट का फायनल मैच के साथ खेल प्रतियोगिता का समापन भी होगा। जिला पंचायत अध्यक्ष डॉ. पवन सिंह सभी कार्यक्रमों में बतौर मुख्य अतिथि शामिल होंगे।

# वनाधिकार पट्टाधारी किसानों के धान विक्रय में आ रही बाधाओं का करें निराकरण : दुदावत

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

कलेक्टर कुणाल दुदावत ने आज कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित जनदर्शन के दौरान जिले के दूरस्थ एवं वनांचल क्षेत्रों से आए नागरिकों की समस्याओं को गंभीरता से सुना। उन्होंने प्रत्येक आवेदन का अवलोकन कर संबंधित विभागीय अधिकारियों को प्रकरण अनुसार आवेदन प्रेषित करते हुए नियमानुसार शीघ्र निराकरण के निर्देश दिए।

अलग खबर

जनदर्शन में नागरिकों ने बारी-बारी से अपनी समस्याएं कलेक्टर के समक्ष रखीं। करतला विकासखण्ड के ग्राम घिनारा निवासी किसान कोमल सिंह राठिया द्वारा धान विक्रय हेतु फौती नामांतरण से संबंधित आवेदन प्रस्तुत किया गया। उन्होंने कलेक्टर को जानकारी देते हुए बताया कि कुछ समय पूर्व उनके पिता मनराम राठिया का निधन हो गया है, किंतु दस्तावेजों में भूमि अब भी उनके पिता के नाम दर्ज होने के कारण उन्हें धान विक्रय में कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। कलेक्टर श्री दुदावत ने प्रकरण को संज्ञान में लेते हुए

**कलेक्टर ने जनदर्शन में सुनी लोगों की समस्याएं**



आवेदन करतला तहसीलदार को प्रेषित कर जांच उपरांत आवश्यक कार्यवाही करते हुए किसान को राहत प्रदान करने के निर्देश दिए। इसी प्रकार आवेदक निर्दोष कुमार कंवर द्वारा मानदेय भुगतान संबंधी आवेदन प्रस्तुत किया गया। उन्होंने बताया कि वे अगस्त 2025 से पंचायत की सर्वसम्मति से कोरबा के प्राथमिक शाला दरगा में मानदेय शिक्षक के रूप में सेवाएँ दे रहे हैं, किंतु अब तक उन्हें मानदेय का भुगतान नहीं किया गया है। प्रकरण को गंभीरता से लेते हुए कलेक्टर कुणाल दुदावत ने जिला शिक्षा अधिकारी को आवेदन का परीक्षण कर शीघ्र निराकरण करने के निर्देश दिए। पाली तहसील के ग्राम लोहड़िया निवासी श्रीमती नीरा बाई, पति कुशाल सिंह द्वारा रकबा संशोधन से संबंधित आवेदन प्रस्तुत किया गया। उन्होंने बताया कि शासन से प्राप्त वनाधिकार पट्टा अंतर्गत उनकी कुल भूमि 0.809 हेक्टेयर है, जिस पर धान की फसल लगाई गई है, किंतु गिरदावरी में फसल प्रविष्टि के दौरान रकबा शून्य दर्ज हो जाने के कारण उपज विक्रय में उन्हें कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। प्रकरण को संवेदनशीलता से लेते हुए कलेक्टर ने जिला खाद्य अधिकारी एवं तहसीलदार पाली को आवेदन की शीघ्र जांच कर निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। साथ ही उन्होंने जिला खाद्य अधिकारी को वनाधिकार पट्टा धारक किसानों के धान विक्रय में आ रही समस्याओं का निराकरण कर धान विक्रय में आवश्यक सहयोग प्रदान करने के निर्देश भी दिए।

## दोनों घटना दीपका थाना क्षेत्र की, पुलिस जुटी जांच में

# दो अलग- अलग मकानों में चोरों का धावा, हजारों का माल पार

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

जिले के दीपका थाना क्षेत्र में चोरी की दो घटनाएं सामने आयी है। जहां चोरों ने एक दुकान व मकान में धावा बोलकर हजारों का माल पार कर दिया है। दोनों ही मामलों की शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात चोरों के खिलाफ अपराध पंजीबद्ध कर जांच शुरु कर दी है।

दीपका थाना क्षेत्र अंतर्गत बेलटिकरी बसाहट निवासी फैयाज खान ने थाना में रिपोर्ट दर्ज कराया है कि 16 दिसंबर की रात्रि 10 बजे अपना मोबाइल दुकान के शटर का ताला लगाकर घर चला गया था। दूसरे दिन 17 दिसंबर की सुबह 9 बजे दुकान आया और दुकान का शटर खोलकर देखा तो दुकान का सारा सामान बिखरा पडा है तथा दुकान के शीट का छत टुटा हुआ था। फैयाज ने दुकान में चोरी होने का संदेह पर दुकान का सीसीटीवी कैमरा चेक किया तो उसमें एक व्यक्ति दुकान उपर छत से दुकान अंदर घुस रहा है उसका चेहरा कपडा से बंधा हुआ था जो दुकान के अंदर घुसकर दुकान गल्ले को तोडकर उसमें रखे लगभग 9 हजार रूपये जिसमें को चोरी कर लिया है। दुकानदार ने संदेह जताया है कि चोरी करने वाला व्यक्ति छोटे लाल धनुहार निवासी घुडदेवा बस्ती का रहने वाला है। इसी तरह एसईसीएल गेवरा कॉलोनी के आज़ाद चौक दुर्गा पंडाल के पास रविवार की दोपहर 3 बजे को एसईसीएल कर्मी जयशंकर साहू का आवास क्रमांक माइनस–157 में अज्ञात चोरों ने घर के पीछे आंगन की ओर से दीवार तोड़कर घर रखे 30 से 35 हजार रुपए नगद चोरी कर फरार हो गए। बताया जाता है कि जयशंकर साहू अपने परिवार के साथ डीएवी पब्लिक स्कूल गेवरा के वार्षिक उत्सव में शामिल होने गए हुए थे। दोनों ही मामले में पुलिस ने अज्ञात चोरों के खिलाफ अपराध पंजीबद्ध कर पतासाजी में जुट गये हैं।



घर का खिड़की जिसे तोड़कर घुसे थे चोर।

### 36 पार्षदों को चार विभागों का दायित्व

**कोरबा।** निगम के सभापति व अध्यक्ष नूतन सिंह ठाकुर ने छत्तीसगढ़ नगर निगम अधिनियम के तहत विभिन्न सलाहकार समितियों का गठन किया है। निगम सभापति नूतन सिंह ठाकुर ने इससे पहले भी दो समितियों का गठन किया था, इस बार चार विभागों के लिए गठित समितियां में 36 पार्षदों को स्थान दिया गया है जिसमें भाजपा, कांग्रेस और निर्दलीय पार्षद शामिल हैं। निगम अध्यक्ष नूतनसिंह ठाकुर द्वारा अधिनियम की धारा 46 के तहत आदेश जारी कर उद्यानिकी विभाग के सलाहकार समिति में तरुण राठौर, विनम्र तिवारी, बद्री किरण, अनुज जायसवाल, चेतन सिंह मैत्री, श्रीमती चंदाबाई, श्रीमती सीमा कंवर ,श्रीमती चंद्रकाली जायसवाल, श्रीमती सम्मत कुंवर कों शामिल किया गया है। इसी प्रकार जल कार्य विभाग समिति में युगल कैवर्त, पंकज देवांगन, ईश्वर पटेल, कृपाराम साहू, मुकुंद सिंह कंवर, गोपाल कुर्रे, उपेंद्र पटेल, सुभाष राठौड़ और बहत्तर सिंह शामिल किए गए हैं। महिला एवं बाल विभाग समिति में निगम के महिला पार्षदों को शामिल कर समिति बनाया गया है जिसमें श्रीमती वर्षा वैष्णव, श्रीमती धनश्री साहू, श्रीमती रूबी देवी, श्रीमती प्रभा राठौर, श्रीमती राधाबाई, श्रीमती प्रेमलता बंजारे, श्रीमती सुषमा साहू, श्रीमती सुलोचना यादव, मथुरा बाई को शामिल है।

# चारपारा से धनुहारपारा तक 6 किमी की बनेगी पक्की सड़क



भूमिपूजन के दौरान अतिथिगण।

हरिभूमि न्यूज ⏭ बरपाली

करतला जनपद के ग्राम पंचायत गिधौरी की सरपंच विज्ञानी गोविंद कंवर के दृढ़ निश्चय एवं सतत प्रयास की वजह से ग्राम पंचायत में विकास की गंगा बहने लगी है और क्षेत्रवासियों की बहुप्रतीक्षित मूलभूत मांग चारपारा मोहल्ले से धनुहारपारा तक लगभग 6 किलोमीटर सड़क की स्वीकृति जिला खनिज न्यास अर्थात डीएमएफ से हुई जिसकी कुल लागत राशि लगभग 7 करोड़ 69 लाख रूपये है।

सड़क निर्माण कार्य आरम्भ करने से पहले 22 दिसम्बर को पूर्व गृहमंत्री ननकीराम कंवर और अध्यक्ष जनपद पंचायत करतला श्रीमती अशोका बाई कंवर की उपस्थिति में भूमिपूजन किया गया। जिसमें क्षेत्र के जनपद सदस्य वेद चंद्राकर, सरपंच ग्राम पंचायत गिधौरी श्रीमती विज्ञानी गोविंदा कंवर, श्रीमती शशि कंवर रोजगार सहायक, सुरेन्द्र साहू एवं ग्रामीणों की उपस्थिति में संपन्न हुआ। उक्त सडक का निर्माण पीडब्ल्यूडी द्वारा कराया जायेगा। सरपंच विज्ञानी कंवर द्वारा कार्यक्रम में उपस्थित गणमान्य लोगों को भरोसा दिलाया कि सड़क का निर्माण कार्य उच्चगुणवत्ता वाला होगा और आने वाले समय मे गाँव के अन्य विकास कार्यों के होने की बात कही।

## पॉलीटेक्निक के छात्रों ने राज्य स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता में किया उत्कृट प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

छग स्वामी विवेकानंद तकनीकी विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित राज्य स्तरीय एथेलेटिक्स प्रतियोगिता स्वामी विवेकानंद स्टेडियम कोटा रायपुर में आयोजित की गई। जिसमें संस्था के छात्र अमन राय ने गोला फेंक एवं 800 मीटर दौड़ में प्रथम स्थान और उमेश कुमार ने ट्रीपल जम्प में द्वितीय स्थान प्राप्त किया। संस्था में प्रति वर्ष वार्षिक खेलकूद विश्व विद्यालय की समय सारणी अनुसार प्राचार्य के मार्गशन में क्रीडा अधिकारी राहुल देव राठौर के नेतृत्व में संस्था के स्टाफ के सहयोग से आयोजित किया जाता है। छात्र, छात्राओं को अध्यापन के साथ-साथ खेलकूद एवं व्यक्तित्व विकास में प्रोत्साहन हेतु संस्था स्तर पर अन्य कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं। विजेता छात्र, छात्राओं को संस्था एवं विश्वविद्यालय के द्वारा प्रमाण पत्र तथा मेडल प्रदान किया जाता है।



## कैंप की ड्रिल प्रतियोगिता में कैडेटों ने किए शानदार प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

जिला 1 सीजी एनसीसी बटालियन की ओर से सरस्वती शिशु मंदिर में चल रहे संयुक्त वार्षिक प्रशिक्षण शिविर के तीसरे दिन ड्रिल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसमें एसडी, एस डब्ल्यू, जे डब्ल्यू के 2-2 एवं जेडी के 6 प्लाटून बनाए गए जिसमें 4सौ कैडेटों ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। एसडी में सीनियर अंडर ऑफिसर वासु टंडन के नेतृत्व में प्लाटून 1 ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। वहीं एसडब्ल्यू में रमनदीप कौर के नेतृत्व में प्लाटून 3 ग्रुप ए ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। जेडी में जांजगीर के सार्जेंट समीर कश्यप एवं सार्जेंट समृद्धि शर्मा के कमांडिंग वाली टीम ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। प्रतियोगिता के दौरान मुख्य अतिथि के रूप में सरस्वती शिक्षण समिति के अध्यक्ष नानजी भाई पटेल उपस्थित रहे। उन्होंने बताया एनसीसी कैडेटों को देखकर मन में स्वस्फूर्त ऊर्जा का संचार हो जाता है। एनसीसी कैडेटों में देशभक्ति के साथ नेतृत्व, आत्मरक्षा, चरित्र निर्माण करता है। शिशु मंदिर का उद्देश्य भी संस्कार के साथ शिक्षा है। कमांडिंग ऑफिसर कर्नल सेंथिल कुमार एस ने कहा कि ड्रिल केवल एक शारीरिक क्रिया नहीं, बल्कि अनुशासन, एकता, समन्वय और त्वरित निर्णय क्षमता का प्रतीक है। कार्यक्रम का संचालन ट्रेनिंग ऑफिसर दिनेश चतुर्वेदी द्वारा की गई। इस दौरान सूबेदार मेजर डूंगर सिंह, जेसीओ जनरैल सिंह, कैंप एडजुटेंट लेफ्टिनेंट राजेंद्र सिंह, फर्स्ट ऑफिसर संजीव जायसवाल, फर्स्ट ऑफिसर दिनेश चतुर्वेदी, सेकंड ऑफिसर सुनील तिवारी, शिवनारायण, श्रीवास, मुखलाल सहित एनसीसी कैडेट्स उपस्थित रहे।



एनसीसी क्लास के दौरान एनसीसी के कैडेट।

## अंतर महाविद्यालय बॉल बैडमिंटन प्रतियोगिता में पीजी कॉलेज बना चैंपियन

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

शासकीय पीजी कॉलेज के द्वारा आयोजित अंतर महाविद्यालय बाल बैडमिंटन पुरुष महिला प्रतियोगिता का उद्घाटन प्राचार्य डॉ शिखा शर्मा वरिष्ठ क्रीड़ा अधिकारी डॉ सुनील गौरहा डॉ अजय यादव बॉल बैडमिंटन संघ के अध्यक्ष समीर अग्रवाल, सचिव जी राजा की उपस्थिति में किया गया। प्रतियोगिता में शासकीय पीजी कॉलेज, बिल्हा शासकीय विज्ञान महाविद्यालय बिलासपुर एवं डीपी विप्र महाविद्यालय बिलासपुर के पुरुष एवं महिला खिलाड़ियों ने भाग लिया। पुरुष वर्ग में फाइनल डीपी विप्र महाविद्यालय बिलासपुर एवं शासकीय पीजी महाविद्यालय के बीच खेला गया। पीजी कॉलेज में रोमांचक मैच में डीपी कॉलेज बिलासपुर को 2-1 से पराजित कर विजेता होने का गौरव प्राप्त किया। महिला वर्ग में भी शासकीय पीजी ने डीपी विप्र महाविद्यालय बिलासपुर को 2-0 से पराजित कर विजेता होने का गौरव प्राप्त किया। प्रतियोगिता में निर्णायक तुलसी एवं विनय डहरिया थे। इस अवसर पर क्रीड़ा समिति के सदस्य डॉ संदीप शुक्ला सुशील गुप्ता, श्याम सुंदर तिवारी, शुभम ढोरिया, वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ एसके गोविल डॉ विजय नायडू, डॉ बीएल साय, सुशील अग्रवाल केआर टंडन, जेपी कुर्रे, क्रीडा सहायक साहनी चौहान एवं महाविद्यालय के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। उपरोक्त जानकारी प्रतियोगिता के संगठन सचिव डॉ बीएसराव ने दी।



प्रतियोगिता में विजयी छात्राएं।

## रेड क्रॉस सोसायटी मरीजों को कंबल व चादर का किया वितरण

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

रेड क्रॉस सोसायटी द्वारा आयुष पोली क्लीनिक हॉस्पिटल, डिंगापुर में उपचारत मरीजों की सुविधा एवं राहत को ध्यान में रखते हुए कंबल एवं चद्दरों का वितरण किया गया। इस सेवा कार्य का उद्देश्य अस्पताल में भर्ती एवं इलाज के लिए आने वाले मरीजों को आवश्यक मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराना रहा, जिससे उन्हें उपचार के दौरान किसी भी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े। इस अवसर पर रेड क्रॉस सोसायटी के चेयरमैन रामसिंह अग्रवाल, वाइस चेयरमैन राजेन्द्र तिवारी एवं आयुष पोली क्लीनिक हॉस्पिटल के एमएस डॉ. पवन मिश्रा विशेष रूप से उपस्थित रहे। अतिथियों ने स्वयं मरीजों से मुलाकात कर उन्हें कंबल एवं चद्दर प्रदान की तथा उनके स्वास्थ्य की जानकारी भी ली। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए रेड क्रॉस सोसायटी के चेयरमैन रामसिंह अग्रवाल ने कहा कि रेड क्रॉस संस्था सदैव पीड़ित, जरूरतमंद एवं असहाय लोगों की सेवा के लिए प्रतिबद्ध रही है। वाइस चेयरमैन राजेन्द्र तिवारी ने कहा कि रेड क्रॉस सोसायटी समय-समय पर स्वास्थ्य, आपदा राहत एवं सामाजिक सरोकार से जुड़े कार्यों के माध्यम से समाज के कमजोर वर्गों के साथ खड़ी रही है और भविष्य में भी ऐसे सेवा कार्य लगातार जारी रहेंगे।

## बालको ने भी निभाई भागीदारी

# बालको अस्पताल ने 757 बच्चों को पिलाई पल्स पोलियो की दवा

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

भारत एल्यूमिनियम कंपनी लिमिटेड ने जिला स्वास्थ्य विभाग के सहयोग से राष्ट्रीय पल्स पोलियो टीकाकरण अभियान में भागीदारी निभाई। बालको अस्पताल के मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. विवेक सिन्हा के नेतृत्व में 757 से अधिक बच्चों को पल्स पोलियो की खुराक दी गई। अभियान की शुरुआत बालको के मुख्य कार्यकारी अधिकारी एवं निदेशक राजेश कुमार की उपस्थिति में अस्पताल से की गई। अस्पताल के चिकित्सकों एवं पैरामेडिकल स्टाफ की टीमों ने पूरी निष्ठा और समर्पण के साथ अभियान को सफल बनाया।

बालको अस्पताल द्वारा 10 से अधिक प्रमुख स्थानों पर अस्थायी शिविर एवं चलित मोबाइल वैन के माध्यम से टीकाकरण किया गया। इनमें बालको अस्पताल सहित भदरापारा, कैलाश नगर, परसाभाठा, चेकपोस्ट, सतनाम नगर, दैहानपारा, बालको बस स्टैंड, बेलगिरी बस्ती, सेक्टर-3 दुर्गापूजा पंडाल तथा सेक्टर-4 गैस एजेंसी शामिल हैं। इसके अतिरिक्त मोबाइल वैन के माध्यम से भी विभिन्न क्षेत्रों में पहुंचकर बच्चों को पल्स पोलियो की खुराक दी गई।



साथ ही आगामी दो दिन 'डोर टू डोर' अभियान चलया जा रहा है ताकि कोई भी बच्चा पोलियो टीकाकरण से वंचित न रहे। अभियान के दौरान विशेष रूप से बस स्टैंड और भीड़-भाड़ वाले क्षेत्रों में शिविर लगाए गए, जिससे यात्रा कर रहे परिवारों के बच्चों को भी दवा पिलाई जा सके। स्वास्थ्य कर्मियों द्वारा अभिभावकों को पोलियो उन्मूलन के महत्व के प्रति जागरूक भी किया गया। बालको अस्पताल, कंपनी के कर्मचारियों, उनके परिवारजनों, ठेका श्रमिकों एवं स्थानीय नागरिकों को निरंतर गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान कर रहा है। है। अस्पताल में 10 आईसीयू और 6 पीडियाट्रिक्स आईसीयू बेड मौजूद है जहां गंभीर रूप से पीड़ति मरीजों का इलाज एमडी मेडिसिन की देखरेख में किया जाता है। बालको अस्पताल हर वर्ष छत्तीसगढ़ के कोरबा, रायगढ़, बिलासपुर एवं जांजगीर-चांपा जिलों से लाखों मरीजों को लाभ पहुंचा रहा है। बालको अस्पताल सरकार द्वारा संचालित सभी राष्ट्रीय टीकाकरण कार्यक्रमों को प्रभावी रूप से क्रियान्वित कर सामुदायिक स्वास्थ्य के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को सशक्त रूप से निभा रहा है।

### पिलाया गया पोलियो ड्रॉप्स

वार्ड क्रमांक 14 में पार्षद आकाश साहू ने बच्चों को पोलियो ड्रॉप पिलाकर इस अभियान का शुभारंभ किया। इस अवसर पर पार्षद हर्षिता राजपूत, डॉक्टर अनुज मोहन, डॉक्टर कल्याण सरकार, डॉक्टर सुमन यादव, सिस्टर रागिनी तिवारी, सहित समस्त चिकित्सा विभाग के अधिकारी कर्मचारी मौजूद थे।

हरिभूमि नं. 1 आवश्यक सूचना

प्रिय ग्राहक बंधुओं आपका अपना
प्रिय अखबार हरिभूमि के स्थान पर
अगर कोई अन्य अखबार दिया जा रहा है
तो कृपया इस नंबर पर संपर्क करें
टी.पी. नगर बी. ब्लॉक कामर्शियल
काम्पलेक्स, कोरबा मो. 7049267780